

# यूएस ओपन चैंपियन सबालेंका चीन ओपन से बाहर

## डिफेंडिंग चैंपियन कोको गॉफ पर अब सबकी नजरें



यूएस ओपन 225 की विजेता आर्येना

**चोट की वजह से 24 सितंबर से शुरू होने वाले चीन ओपन से हटीं बेलारूस खिलाड़ी**

**पिछले साल चीन ओपन के क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थीं सबालेंका**

**बीजिंग 17 सितम्बर.** सबालेंका ने चोट के कारण चीन ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। आयोजकों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। यह टूर्नामेंट 24 सितंबर से 5 अक्टूबर तक बीजिंग के नेशनल टेनिस सेंटर में आयोजित होगा।

बेलारूस की खिलाड़ी सबालेंका ने हाल ही में यूएस ओपन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को हराकर लगातार दूसरी बार यह ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। पिछले साल वह चीन ओपन के क्वार्टर फाइनल तक पहुँची थीं। इस टूर्नामेंट की गत विजेता (डिफेंडिंग चैंपियन) अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ हैं। सबालेंका के बाहर होने से टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा पर असर पड़ सकता है, क्योंकि वह वर्तमान में विश्व की शीर्ष खिलाड़ियों में से एक हैं।



### डेविस कप के फाइनल मे फिर टकरा सकते हैं अल्काराज और सिनर

**बुलोग्ना- 17 सितंबर।** डेविस कप फाइनल 8 के ड्रॉ में मौजूदा चैंपियन इटली का सामना ऑस्ट्रिया से होगा, जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मनी अर्जेंटीना से भिड़ेगा। इन मुकाबलों के बाद अगर स्पेन और इटली फाइनल में पहुँचते हैं, तो विश्व के शीर्ष खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और जननिक सिनर के बीच एक और रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।फाइनल 8 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले बुलोग्ना में 18 से 23 नवंबर तक होंगे। ड्रॉ के अनुसार, स्पेन का मुकाबला चेकिया से होगा, जबकि इटली ऑस्ट्रिया से भिड़ेगा। अन्य मुकाबलों में, तीसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस का सामना बेल्जियम से और जर्मनी का सामना अर्जेंटीना से होगा। स्पेन ने डेनमार्क को 3-2 से हराकर फाइनल 8 में जगह बनाई, जबकि बेल्जियम ने 28 बार के विजेता ऑस्ट्रेलिया को बाहर किया। जर्मनी ने जापान को हराकर और फ्रांस ने क्रोएशिया को हराकर अपनी जगह पक्की की। अर्जेंटीना ने पिछले साल के उपविजेता नीदरलैंड को हराकर फाइनल 8 में प्रवेश किया है।



**अल्काराज-सिनर प्रतिद्वंद्विता**

इस साल अल्काराज और सिनर पाँच फाइनल में आमने-सामने आ चुके हैं, जिनमें तीन ग्रैंड स्लैम और दो मास्टर्स टूर्नामेंट शामिल हैं। इन पाँचों मुकाबलों में से अल्काराज ने चार में जीत हासिल की है।हाल ही में यूएस ओपन जीतने के बाद अल्काराज विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं।

# विश्व स्पर्धा के फाइनल में नीरज चोपड़ा

## पहले ही प्रयास में किया क्वालीफाई



**नीरज ने 84 .50 मीटर योग्यता मानक को पहले ही थ्रो में पार किया**

**ग्रुप-ए में सबसे पहले उतरे और सीधे फाइनल में जगह बनाई**

**जर्मनी के जूलियर वेबर ने 87 .21 मीटर के थ्रो से क्वालीफाई किया**

**नीरज चोपड़ा पर विश्व चैम्पियनशिप खिताब बचाने की चुनौती**

**तोक्यो 17 सितम्बर. गत चैंपियन और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने बुधवार को विश्व चैम्पियनशिप पुरुष भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल के लिए आसानी से क्वालीफाई कर लिया। उन्होंने अपने पहले ही थ्रो में 84.5 मीटर के स्वत: योग्यता मानक को पार करते हुए 84.85 मीटर का प्रभावशाली थ्रो दर्ज किया।**

चोपड़ा, जो ग्रुप ए में सबसे पहले मैदान पर उतरे, ने पहले ही थ्रो में फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इस प्रदर्शन के साथ, उन्होंने फाइनल की दौड़ से खुद को अलग कर लिया, जहाँ सिर्फ 84.50 मीटर से अधिक थ्रो करने वाले या शीर्ष 12 खिलाड़ी ही पहुँच पाते हैं। जर्मनी के जूलियर वेबर ने भी 87.21 मीटर के थ्रो के साथ क्वालीफाई किया। ग्रुप ए में अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में केशोर्न वालकॉट, याकूब वालेश और भारत के सचिन यादव शामिल हैं। पिछले बुडापेस्ट विश्व चैम्पियनशिप में, चोपड़ा ने 88.17 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था, जबकि नदीम और वालेश क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे थे। इस बार, चोपड़ा का लक्ष्य विश्व चैम्पियनशिप का स्वर्ण पदक बरकरार रखना होगा, जो उपलब्धि केवल चेक गणराज्य के जान जेलेज्नी (1993 और 1995) और एंडरसन पीटर्स (2019 और 2022) ही हासिल कर पाए हैं। फाइनल में, चोपड़ा का सामना पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद पहली बार नदीम से होगा, जिन्होंने उस स्पर्धा में 92.97 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण जीता था, जबकि चोपड़ा को 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत से संतोष करना पड़ा था।

**फाइनल में कड़ी टक्कर**

ग्रुप बी में पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम, एंडरसन पीटर्स, जूलियस येगो, रोहित यादव और यशवीर सिंह जैसे दिग्गज खिलाड़ी मौजूद हैं। यह फाइनल में एक कड़े मुकाबले का संकेत है।



## स्मृति मंधाना ने 77 गेंदों में शतक जड़कर रचा इतिहास

**चंडीगढ़ 17 सितंबर.** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में 77 गेंदों पर शतक जड़कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह किसी भी भारतीय महिला बल्लेबाज द्वारा लगाया गया दूसरा सबसे तेज शतक है।मंधाना का यह शतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी सबसे तेज है। उन्होंने इंग्लैंड की नेट साइवर-ब्रंट (79 गेंद) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। यह उनका दूसरा सबसे तेज एकदिवसीय शतक है।

सबसे तेज शतक- मंधाना के नाम भारतीय महिला क्रिकेटर द्वारा सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड भी है, जो उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ सिर्फ 70 गेंदों में बनाया था।

अन्य रिकॉर्ड-

भारतीय महिला बल्लेबाजों में सबसे तेज शतकों की सूची में अब हरमनप्रीत कौर 82 गेंदों के शतक के साथ तीसरे स्थान पर हैं।मंधाना की यह शानदार पारी 91 गेंदों में 117 रन बनाकर समाप्त हुई, जब वह तहलिया मैक्ग्रा की

# चीनी खाने पर टिप्पणी के बाद टाउनसेंड ने मांगी माफी

## सोशल मीडिया पर बयान वायरल, चीन में हुआ विरोध तेज



**शेन्ज़ेन, चीन 17 सितम्बर.** अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी टेलर टाउनसेंड ने बिली जीन किंग कप से पहले एक टीम डिनर के दौरान चीनी व्यंजनों पर की गई अपनी टिप्पणी को लेकर चीन में हुए विरोध के बाद सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है।

उनकी टिप्पणी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी, जिसके कारण उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा।मंगलवार रात, टाउनसेंड ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर डिनर बुफे में परोसे गए व्यंजनों पर प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने लिखा था, यह क्या है... कछुआ और बुलफ्रॉग (बड़ा मेंढक) अजीब है। बाद में एक वीडियो में उन्होंने यह भी कहा, ये लोग सचमुच में मेंढक, बुलफ्रॉग मार रहे हैं। क्या ये वही नहीं हैं जिनसे आपको मस्से और फोड़े होते हैं?

**टाउनसेंड की माफी**

बढ़ते विवाद के बाद, टाउनसेंड ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर आकर माफी मांगी। उन्होंने कहा, मैं यहाँ आकर अपने दिल की गहराइयों से माफी माँगना चाहती हूँ। मेरा यहाँ का अनुभव अद्भुत रहा है। मैंने जो बातें कही, वे उस अनुभव का प्रतिनिधित्व नहीं करतीं। इसका कोई बहाना नहीं है। मैं बेहतर बनूंगी ।टाउनसेंड अमेरिकी टीम का हिस्सा हैं, जो गुरुवार को बिली जीन किंग कप के क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान का सामना करेगी।

## आठ निशानेबाजों का आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में क्वालीफाई

**नयी दिल्ली, 17 सितंबर.** भारत के आठ निशानेबाजों ने चार से नौ दिसंबर तक दोहा में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में जगह पक्की कर ली है जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर भी शामिल हैं। मनु एकमात्र भारतीय निशानेबाज हैं जिन्होंने विश्व कप फाइनल की दो स्पर्धाओं महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में जगह बनाई है। आईएसएसएफ के इस टूर्नामेंट से 12 व्यक्तिगत ओलंपिक स्पर्धाओं में से प्रत्येक में सत्र का सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज तय होता है। भारतीय निशानेबाज इन 12 में से पांच स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे ।ब्यूनस आयर्स, लीमा और म्यूनिख में लगातार तीन स्वर्ण पदक जीतकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में अपना दबदबा बनाने वाली युवा निशानेबाज सुरुचि सिंह ने दोहा के लिए क्वालीफाई करने के साथ महिला एयर पिस्टल में दुनिया की नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की।

**मनु भाकर दो स्पर्धाओं में उतरेंगी**



# वरुण चक्रवर्ती टी-20 रैंकिंग में पहली बार नंबर वन

## न्यूजीलैंड के जैकब डफी को पछाड़ा

**दुबई, 17 सितंबर।स्पिनर वरूण चक्रवर्ती पहली बार आईसीसी टी2 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं और यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने।**

चक्रवर्ती से पहले भारत के जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई आईसीसी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शिखर पर पहुंच चुके हैं ।चक्रवर्ती ने एशिया कप में यूएई के खिलाफ चार रन देकर एक और पाकिस्तान के खिलाफ 24 रन देकर एक विकेट लिया । उन्होंने न्यूजीलैंड के जैकब डफी को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया । इससे पहले वह फरवरी 2025 में दूसरे स्थान पर पहुंचे थे । बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव 16 पायदान की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर हैं जबकि स्पिन हरफनमौला अक्षर पटेल एक पायदान ऊपर 12वें स्थान पर पहुंच गए । बुमराह चार पायदान चढकर 40वें स्थान पर हैं ।हरफनमौलाओं में हार्दिक पंड्या शीर्ष पर है जबकि अभिषेक शर्मा चार स्थान चढकर 14वें स्थान पर पहुंच गए ।बल्लेबाजी रैंकिंग में अभिषेक शीर्ष पर बने हुए हैं जिन्होंने कैरियर के सर्वोच्च 884 रेटिंग अंक हासिल कर लिये । शुभमन गिल 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं ।तिलक वर्मा दो स्थान खिसककर चौथे और सूर्यकुमार यादव एक स्थान खिसककर सातवें स्थान पर हैं ।इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे और जोस बटलर तीसरे स्थान पर हैं ।

**चक्रवर्ती से पहले बुमराह और बिश्नोई रह चुके हैं शीर्ष पर**

**कुलदीप यादव 16 स्थान चढ़कर 23वें पायदान पर पहुंचे**

**अक्षर पटेल 12वें, बुमराह 40वें और हार्दिक ऑलराउंडरों में शीर्ष पर**

### एक नजर में

## ऑस्ट्रेलिया महिला टीम 102 रन से हारी

**न्यू चंडीगढ़ .** स्मृति मंधाना (117) की शतकीय और दीप्ति शर्मा (40 ) की जूझारू पारियों के बाद गेंदबाजों बेहतरी प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बुधवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया महिला टीम को 102 रनों से हरा दिया। 293 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और उसने 12 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। जॉर्जिया वॉल (शून्य) को रेणुका सिंह ने बोल्ड आउट किया। पांचवें ओवर में क्रांति गौड़ ने कप्तान अलिसा हीली (छह) का शिकार किया। एलिस पेरी और बेथ मूनी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 17वें ओवर में स्नेह राणा ने बेथ मूनी (18) को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ऐनाबेल सदरलैंड ने एलिस पेरी के साथ चौथे विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी की। 25वें ओवर में राधा यादव ने एलिस पेरी (44) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। 30वें ओवर की तीसरी गेंद पर अरुंधति रेड्डी ने ऐनाबेल सदरलैंड (45) को आउट किया। एश्ली गार्डनर (17), तालिया मैक्ग्रा (16) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। अलाना किंग (दो) रनआउट हुई। कांति गौड ने 41वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जॉर्जिया वेयरहम (10) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को 190 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 102 रनों से अपने नाम कर लिया।

## हैंडशेक रोकने पर रैफरी ने मांगी माफी

**दुबई .** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को दावा किया कि मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट ने भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों को मैच के बाद हाथ मिलाने से रोकने के लिए पाकिस्तानी टीम से माफी मांगी है। पीसीबी के अनुसार, पाइक्रॉफ्ट ने अपनी कार्रवाई को ¶गलतफहमी¶ का नतीजा बताया ।पीसीबी ने कहा कि उसने पाइक्रॉफ्ट की इस हरकत पर कड़ी आपत्ति जताई थी। बोर्ड के एक बयान के अनुसार, पाइक्रॉफ्ट ने पाकिस्तान टीम के मैनेजर और कप्तान से मुलाकात कर अपनी गलती स्वीकार की और इसके लिए माफी मांगी। यह घटना 14 सितंबर को हुए भारत-पाकिस्तान मैच के बाद हुई थी, जब खिलाड़ियों और अधिकारियों को एक-दूसरे से हाथ मिलाने से रोका गया था।

## भारत, यूएई, श्रीलंका, नेपाल ग्रुप एच में

**गुवाहाटी .** कुक द्वीपसमूह के हटने के बाद बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप मिश्रित टीम स्पर्धा का ड्रॉ फिर से निकाला गया, जिसमें मेजबान भारत को ग्रुप %एच% में संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और नेपाल के साथ रखा गया है ।भारत 17 साल के अंतराल के बाद 36 देशों के इस प्रतिष्ठित सुहांदिनाता कप में वापसी कर रहा है। यह टूर्नामेंट 6 से 19 अक्टूबर तक गुवाहाटी के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित किया जाएगा। फिर से हुए ड्रॉ में, दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने अपने ग्रुप %एच% में स्थान बरकरार रखा है, जबकि यूएई और श्रीलंका को नेपाल के साथ इस पूल में शामिल किया गया है। ग्रुप ए में - थाईलैंड, जापान, पुर्तगाल और आयरलैंड ग्रुप एफ में इंडोनेशिया हांगकांग, चीन, स्लोवेनिया और फिलीपींस . ग्रुप डी में चीन तुर्कीये, इंग्लैंड, युगांडा और घाना के साथ शामिल होगा।

# अंतिम-16 में पहुंची सात्विक-चिराग की जोड़ी

## चीन मास्टर्स बैडमिंटन : लक्ष्य सेन और कपिला-क्रास्टो पहले दौर में बाहर



**सात्विक-चिराग ने मलेशियाई जोड़ी को सीधे गेमों में हराया**

**भारतीय जोड़ी ने दिखाई मजबूती**

**लक्ष्य सेन को फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से हार मिली**

**शेंझेन 17 सितम्बर. भारत के शीर्ष पुरुष युगल खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बुधवार को चीन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने पहले दौर के मुकाबले में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को सीधे गेमों में 24-22, 21-13 से हराया।**

दूसरी ओर, हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन को पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव ने 21-11, 21-10 से हराया ।मिश्रित युगल में भारतीय जोड़ी ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो भी चीन की फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 21-19, 21-13 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए ।महिलाओं के युगल मुकाबले में, रुतापर्णा और श्वेतापर्णा पांडा का सामना बाद में मलेशिया की ओंग शिन यी और कार्मेन टिंग से होगा ।सात्विक और चिराग की जोड़ी अब अंतिम-16 में चीनी ताइपे के चियू ह्सियांग चिएह और वांग ची-लिन से भिड़ेगी।

**मुक्केबाज बोली** — **34 वर्षीय पूजा रानी ने चौथी विश्व चैम्पियनशिप में जीता पहला पदक**

# पदक नहीं मिलता तो दोबारा कोशिश नहीं करती : पूजा

**नई दिल्ली- 17 सितंबर। अनुभवी भारतीय मुक्केबाज पूजा रानी ने लिवरपूल में 8 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीतकर एक शानदार वापसी की है। 34 वर्षीय इस मुक्केबाज के लिए यह पदक बेहद खास है, क्योंकि यह उनके करियर की चौथी विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में पहला पदक है।**



पूजा ने एक साक्षात्कार में कहा, ¶मैंने खुद से कहा था कि अगर इस बार भी पदक नहीं जीत पाई, तो दोबारा कोशिश नहीं करूंगी ।¶ उन्होंने आगे कहा कि वह हमेशा अपना 100त्न देती हैं, इसलिए हारने पर दिल टूट जाता है। पूजा ने कहा कि उन्होंने पिछले चार-पांच महीने से कड़ी मेहनत की थी, जिसका फल उन्हें मिला। उन्होंने मार्च में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप से ही अभ्यास शुरू कर दिया था।

**चुनौतियों से भरा सफर**

भिवानी की इस मुक्केबाज का करियर चुनौतियों से भरा रहा है। कुछ साल पहले कंधे की चोट और एक बड़े टूर्नामेंट से ठीक पहले हाथ जलने के कारण उनके करियर पर खतरा मंडरा रहा था। हालांकि, उन्होंने 2019 और 2021 की एशियाई चैम्पियनशिप में पदक जीतकर शानदार वापसी की। टोक्यो ओलंपिक में वह 75 किलो वर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार गई थीं। इसके बाद, मई 2022 में अपने पिता के निधन के बाद उन्होंने कुछ समय के लिए ब्रेक लिया और 2023 की शुरुआत में शादी कर ली। एक साल बाद रिंग में वापसी करते हुए, उन्होंने राष्ट्रीय खिताब जीता और अब विश्व चैम्पियनशिप में पदक हासिल किया ।पूजा सेमीफाइनल में इंग्लैंड की एमिली एस्कीथ से हार गईं, लेकिन यह कांस्य पदक उनकी मेहनत और धैर्य का प्रतीक है। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिए 75 किलो वर्ग में क्वालीफाई कर चुकी हैं, इसलिए पूजा ने पिछले एक साल में 75 किलो से 80 किलो वर्ग में जाने पर ध्यान केंद्रित किया।

## आईसीसी डोपिंग रोधी संहिता के उल्लंघन के लिए किंगमा पर प्रतिबंध

**दुबई, 17 सितंबर (वार्ता)** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने नीदरलैंड के तेज गेंदबाज विवियन किंगमा पर आईसीसी डोपिंग रोधी संहिता के उल्लंघन के लिए तीन महीने का प्रतिबंध लगाया गया है। 30 वर्षीय किंगमा का 12 मई को यूट्रेक्ट में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 एकदिवसीय मैच के बाद उनके नमूने में बेन्ज़ोइलेक्गोनिन नामक कोकीन मेटाबोलाइट पाया गया। यह पदार्थ आईसीसी डोपिंग रोधी संहिता के तहत दुरुपयोग का पदार्थ माना जाता है।